मंगल ग्रह से संबंधित उपचार और दान आदि

मंगल ग्रह को शांत, प्रसन्न और बलशाली बनाकर, मंगल ग्रह के अशुभ प्रभावों को कम या न के बराबर करने और शुभ प्रभावों को बढ़ाकर और शीघ्र प्राप्त करने के लिए मंगल ग्रह के लिये निम्नलिखित सरल, प्रभावशाली और पर्यावरणहितैषी उपचार और दान आदि का अपनी क्षमता और सामर्थ्यानुसार प्रयोग में लाऐं जैसे प्रत्येक माह के किसी शुभ मुहूर्त पर लाल गुलाब के पौधे या फलदार पौधे लागाएं। मंगलवार के दिन व्रत रखें। लाल रंग की गाय पालें या उसकी सेवा करें। अपने छोटे भाईयों, मित्रों और अपाहिज व्यक्तियों की मदद करें और उन्हें प्रसन्न रखें। मंगल ग्रह की वैदिक रीति से पूजा करें या करवाऐं। मूंगा रत्न धारण करें, भगवान शिव की पूजा करें, हनुमान चालीसा या सुन्दरकाण्ड़ का पाठ करें, वैदिक या सप्त अक्षरी मंत्र का जप करें या करवाएं, लाल वस्तुओं का दान मंगलवार के दिन करना चाहिए जैसे लाल वस्त्र, गेहूं, तांबा या तांबे से बनी वस्तुओं का दान, लाल चन्दन, नारियल, गुड़, मसूर दाल, मिठाई, फल और घृत आदि। यदि सम्भव हो सके तो रक्त चन्दन, धमनी, लाल पुष्प, हींग, जटामांसी, माल कंगनी, मौलसिरी और बिल्व की छाल आदि के जल से स्नान भी करना चाहिए।